मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-409
24/08/2021

# मुख्यमंत्री ने द्वितीय पुण्यतिथि पर स्व0 अरूण जेटली को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 24 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 अरूण जेटली जी को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये नमन किया।

मुख्यमंत्री ने स्व0 अरूण जेटली जी को याद करते हुये कहा कि वे ऐसी शख्सियत थे, जिनकी भारतीय राजनीति में कोई समानता नहीं थी। राष्ट्र निर्माण में उनकी जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे एक उत्कृष्ट न्यायविद् भी थे। उन्होंने उच्च राजनीतिक मूल्यों एवं आदर्शों की बदौलत सार्वजनिक जीवन में उच्च शिखर को प्राप्त किया था। स्व0 अरूण जेटली जी से मेरा व्यक्तिगत संबंध था। उनकी कमी हमेशा खलेगी।

******